भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय)
पो. ऑ. - न्यू फॉरेस्ट, देहरादून - 248006 (उत्तराखंड)

हिंदी प्रकोष्ठ, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून में निम्नलिखित योग्यताओं एवं शर्तों के अधीन एक हिंदी अनुवादक की आवश्यकता है

पद - संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए पूर्णत: अस्थाई एक पद।

परिलब्धियाँ - रु. 32,000 (रुपये बत्तीस हजार) मात्र प्रतिमह नेट। कोई अन्य भत्ता देय नहीं।

भर्ती - सीधे साक्षात्कार द्वारा (दी गई सामग्री के अनुवाद सहित)

साक्षात्कार दिनांक एवं समय - 02.04.2024 प्रातः 11:00 से 1:00 बजे तक।

स्थान - मीडिया एवं विस्तार कार्यालय, कक्ष सं. 39, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

योग्यताएं - 1. हिंदी/अंग्रेजी में स्नातकोत्तर अथवा 2. स्नातकोत्तर किंतु स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी विषय अथवा 3. स्नातक स्तर पर हिंदी और अंग्रेजी विषय और अंग्रेजी से हिंदी अथवा हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद का कोर्स किया हो अथवा इस कार्य का केंद्र अथवा राज्य सरकार के कार्यालय में 2 वर्ष का अनुभव हो।

अनुभव - वैज्ञानिक और तकनीकी अनुवाद का अनुभव वांछनीय है किंतु अनुभवहीन परंतु योग्य अभ्यर्थियों पर भी विचार किया जाएगा।

आयु - 18 से 35 वर्ष। (**टिप्पणी** - यह पद संविदा के अधीन एक वर्ष के लिए है। पद पूर्णतः अस्थाई है। इस पद पर चयन और कार्य करने से किसी भी प्रकार के नियमित पद पर कोई भी दावा नहीं किया जा सकेगा। दोनों पक्ष एक माह के नोटिस पर संविदा समाप्त कर सकेंगे।

निर्देश - उपर्युक्त शैक्षणिक योग्यता वाले इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 02.04.2024 को प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक उपर्युक्त कार्यालय में समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के मूल एवं एक छाया प्रति के साथ सीधे साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों।

संपर्क - डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार) विस्तार निदेशालय, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून, दूरभाष: 0135-2224814/2755221 ईमेल: adg_mx@icfre.org

(डॉ. ए. एन. सिंह) 12/03/24

सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार)